आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 18.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. परीक्षा पे चर्चा दो हजार पच्चीस का नया संस्करण आज आयोजित किया जाएगा।

2. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोशल मीडिया में प्रसारित बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों के लीक होने से संबंधित दावों का खंडन किया है।

3. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने यूजी और पीजी कार्यक्रमों में नए प्रवेश की तिथि को बढ़ाकर अट्ठाईस फरवरी कर दी है।

4. अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से डीजीपी कप टी–20 –सीजन 3 का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा दो हजार पच्चीस का नया संस्करण आज आयोजित किया जाएगा। इस संस्करण में विभिन्न बोर्ड और परीक्षाओं के कई टॉपर्स स्कूली छात्रों को परीक्षा के तनाव, चिंता को दूर करने और दबाव में शांत रहने के बारे में अपने विचार और सुझाव साझा किए जाएंगे। सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस ''परीक्षा पे चर्चा'' संस्करण में, परीक्षा योद्धा अपने अनुभव साझा करेंगे कि कैसे उन्होंने परीक्षा के तनाव और चिंता को सफलतापूर्वक दूर किया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोशल मीडिया में प्रसारित दो हजार पच्चीस बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों के लीक होने से संबंधित दावों का खंडन किया है। बोर्ड ने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया में पेपर लीक की अफवाह फैला रहे हैं। बोर्ड ने कहा कि ये दावे निराधार हैं और इनका उद्देश्य विद्यार्थियों और अभिभावकों में अनावश्यक डर पैदा करना है। बोर्ड ने कहा कि अधिकारी इसकी सक्रिय निगरानी कर रहे हैं और गलत सूचना फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। बोर्ड ने बताया कि दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं चार अप्रैल तक चलेंगी। बोर्ड ने अभिभावकों से अफवाहों पर विश्वास न करने को कहा है। विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूलों को उचित जानकारी के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट डबल्यू डबल्यू डबल्यू डॉट सी बी एस ई डॉट जीओवी डॉट आई एन पर भरोसा करने को कहा है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी दो हजार पच्चीस के लिए सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, यूजी और पीजी कार्यक्रमों में नए प्रवेश की तिथि को बढ़ाकर अट्ठाईस फरवरी कर दी है। इग्नू ने दूसरे और तीसरे वर्ष के यूजी डिग्री शिक्षार्थियों और इग्नू के दूसरे वर्ष के पीजी शिक्षार्थियों के कार्यक्रम के अगले सेमेस्टर के लिए पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि भी अट्ठाईस फरवरी तक बढ़ा दी है। छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर 'छात्र सेवा–प्रवेश अनुभाग' पर जाकर प्रवेश या पुनः पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए श्री विजयपुरम स्थित इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र, से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम का ऐलान हो गया है। श्री ज्ञानेश कुमार नए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। वे राजीव कुमार की जगह लेंगे, जो इस पद से आज सेवा निवृत हो रहे हैं। राष्ट्रपति ने श्री ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के उन्नीस सौ अट्ठासी बैच के केरल कैडर के अधिकारी श्री ज्ञानेश कुमार अब तक चुनाव आयुक्त के तौर पर कार्यरत थे।        डॉ विवेक जोशी को नया चुनाव आयुक्त बनाया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से डीजीपी कप टी–20 राज्य स्तरीय लीग–सह–नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट–दो हजार पच्चीस –सीजन 3 का आयोजन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट अगले माह के प्रथम सप्ताह से श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क पच्चीस हजार रुपये रखा गया है। इच्छुक विभाग और निजी युवा क्लब अपने सोलह खिलाड़ियों की सूची, टीम मैनेजर और प्रवेश शुल्क के साथ खेल प्रभारी, पुलिस लाईन, हेड कांस्टेबल वी.हेंथो से 99 33 26 35 49 और पुलिस कांस्टेबल मोहम्मद मुस्तफा से 99 33 29 76 97 पर संपर्क कर अपनी टीम का पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि चौबीस फरवरी है।

<><><><><><><>

मनरेगा योजना के तहत कल चारा पौधारोपण द्वारा "चारागाह भूमि का विकास" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फरारगंज, होपटाउन ग्राम पंचायत में आयोजित इस कार्यक्रम का

उद्घाटन खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा ने किया। इस कार्यक्रम में ज़िला परिषद सदस्य मरियम बीबी, ग्राम प्रधान रशीदा बीबी, पंचायत समिति सदस्य बी. लक्ष्मी नारायण, अन्य जन–प्रतिनिधि एवं मनरेगा कर्मचारी उपस्थित थे। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्र में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने और रोजगार सृजन के उद्देश्य से मनरेगा के तहत संचालित किए जा रहे हैं। इस कार्य के तीन महीने के भीतर पूरा होने की संभावना है, जिसमें ढाई लाख रूपये से अधिक की लागत आने का अनुमान है।

<><><><><><><>

कोलकाता के अलोर द्रिशा वेलफेयर की ओर से डिगलीपुर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुभाषग्राम ग्राम पंचायत हॉल में आज से बीस फरवरी तक लगेगा।

<><><><><><><>

खेल तथा युवा मामले विभाग की ओर से स्कूली बच्चों के लिए सदस्यता और कोचिंग कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्कूली बच्चों को विभिन्न खेलों जैसे तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, क्रिकेट, साइक्लिंग, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और योग में निशुल्क कोचिंग कक्षाएं प्रदान की जाएगी। इच्छुक बच्चों से सदस्यता प्राप्त करने और कोचिंग कक्षाओं के पंजीकरण के लिए विभाग के नेताजी स्टेडियम से संपर्क करने को कहा गया है ।

<><><><><><><>

हम्फ्रीगंज पुलिस थाना के टीम ने अवैध वन्य जीव व्यापार में शामिल एक व्यक्ति के पास से एक सौ साठ किलोग्राम से अधिक हिरण का मांस ज़ब्त किया। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वन्डूर निवासी अट्ठाईस वर्षीय दीनबंधु दास नामक आरोपी को वन्डूर मछली लैंडिग सेन्टर से पकड़ा, जो मछली पकड़ने वाले डिंगी का उपयोग कर हिरण मांस ले जा रहा था। हम्फ्रीगंज पुलिस थाना प्रभारी सुब्रमणि के नेतृत्व में उनकी टीम ने इस कार्य को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के साथ मांस और डिंगी को आगे की कार्रवाई के लिए वन अधिकारियों को सौंप दिया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस अट्ठाईस फरवरी को मनाया जाएगा। इस सिलसिले में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से कॉलेज छात्रों के लिए 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान' विषय

पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जाएगा। डॉलीगंज के विज्ञान और प्रौद्योगिकी भवन में आयोजित इस प्रतियोगिता में इच्छुक छात्र अपना नाम छब्बीस फरवरी सुबह नौ बजे तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पी. सेंथिल कुमार के पास मोबाइल नंबर–9474213985 पर पंजीकृत करा सकते हैं। हर वर्ष अट्ठाईस फरवरी को भारतीय भौतिक विज्ञानी सर चंद्रशेखर वेंकट रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

कृषि क्षेत्र को डीजलीकरण से मुक्त करने और पी एम कुसुम योजना के तहत किसानों की आय बढ़ाने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी पहली हेडलाईन बनाया है। अखबार ने आर के नाला पर माइनर ब्रिज के डेक स्लैब के पुनर्निमाण कार्य के पूरा होने के समाचार को भी अंतिम पन्ने में प्रकाशित किया है। द डेली टेलीग्राम्स ने मायाबंदर में प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा वन स्टेशन का उद्घाटन करने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। मायाबंदर के हंसपुरी गांव मे नए हेलीपैड का उद्घाटन करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने के मध्य में प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने इस खबर के अलावा महाराष्ट्र स्पोर्ट्स ओपन चैम्पियनशिप दो हजार पच्चीस के उद्घाटन करने के समाचार को अपने खेल पृष्ठ में जगह दी है। अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने फरारगंज स्कूल में बच्चों के लिए ''स्कूलों में चेस'' कार्यक्रम के उद्घाटन के समाचार को अंतिम पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>